# फुटबाल में यमुना हाउस और क्रिकेट में दामोदर हाउस बना विजेता

**इंटर हाउस**

**फुटबाल और क्रिकेट प्रतियोगिता**



इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस फाइनल मैच की विजेता टीम के साथ अतिथि • जागरण

जासं, चाईबासा : इस्टीम पब्लिक स्कूल में इंटर हाउस फाइनल फुटबाल मैच एवं फाइनल क्रिकेट मैच का आयोजन शुक्रवार को किया गया। इसमें बतौर मुख्य अतिथि सरायकेला-खरसावां जिला शिक्षा पदाधिकार जितेंद्र कुमार सिन्हा उपस्थित थे। उन्होंने फीता काटकर इस मुकाबले का उद्घाटन किया। इसके बाद इस्टीम ग्रुप आफ स्कूल्स के चेयरमैन डा. मनोज कुमार झा ने बुके देकर और शाल ओढ़ाकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। इसके बाद बच्चों ने स्वागत गीत की प्रस्तुति दी। फुटबाल मुकाबले के फायनलिस्ट टीम गंगा हाउस और यमुना हाउस के बीच खिताबी मुकाबला खेला गया। इसमें यमुना हाउस ने प्रभात लागुरी के तीन गोल और कैप्टन विशाल पुरती के दो गोल की बदौलत बड़ी ही आसानी से मुकाबले को अपने पक्ष में कर विजेता का खिताब अपने नाम कर लिया। वहीं क्रिकेट के फाइनल मुकाबले का रोमांच भी अपने चरम पर रहा। कैप्टन सत्यम मिश्रा और ओपनर क्रिष राज के शानदार प्रदर्शन के बल पर दामोदर हाउस की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 96 का सम्मानजनक स्कोर बनाया। टारगेट का पीछा करने उतरी गंगा हाउस की टीम के लिए 96 रन को चेज करना काफी मुश्किल रहा। अंत में गंगा हाउस को अंतिम छह गेंदों में पच्चीस रन बनाने थे पर इस टारगेट को अचीव करने में गंगा हाउस की टीम नाकाम रही और मुकाबले को दामोदर हाउस ने 23 रनों से जीत लिया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि जितेंद्र कुमार सिन्हा और डा. मनोज कुमार झा ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्राफी व मेडल पहनाकर सम्मानित किया। प्राचार्य टी. कुमार ने भी खेल और खेल भावना की चर्चा करते हुए खेल को एक-दूसरे का पूरक बताया। आयोजन को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और शिक्षकेतर कर्मचारियों का सराहनीय सहयोग रहा।



**इस्टीम पब्लिक स्कूल में फुटबॉल व क्रिकेट मैच का आयोजन**

# गंगा हाउस को हराकर यमुना हाउस की टीम बनी विजेता



अतिथियों के साथ विजेता खिलाड़ी.

**प्रतिनिधि चाईबासा**

इस्टीम पब्लिक स्कूल के प्रांगण में शुक्रवार को इंटर हाउस फाइनल फुटबॉल व क्रिकेट मैच का आयोजन हुआ. जिसमें मुख्य अतिथि सरायकेला-खरसांवा के जिला शिक्षा पदाधिकार जितेन्द्र कुमार सिन्हा थे. इस्टीम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉ. मनोज कुमार झा ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया. फुटबॉल मुकाबले के फाइनलिस्ट टीम गंगा हाउस और यमुना हाउस के बीच खिताबी मुकाबला हुआ. जिसमें यमुना हाउस के प्रभात लागुरी की तीन गोल और कैप्टन विशाल पूर्ति ने दो गोल करके आसानी से मुकाबले को अपने पक्ष में कर विजेता का खिताब अपने नाम किया. मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी देकर व मेडल पहनाकर सम्मानित किया. **क्रिकेट में दामोदर हाउस बना विजेताः** वहीं, क्रिकेट के फाइनल मुकाबले में कैप्टन सत्यम मिश्रा और ओपनर क्रिष राज के शानदार प्रदर्शन के बल पर दामोदर हाउस की टीम ने निर्धारित 8 ओवर में 96 का स्कोर बनाया. टारगेट का पीछा करने उतरी गंगा हाउस की टीम 96 रन को चेज नहीं कर सकी. मुकाबले को दामोदर हाउस ने 23 रनों से जीत लिया. **निदेशक व प्राचार्य ने खेल का बताया महत्वः** निदेशक डॉ. मनोज कुमार झा ने विद्यार्थियों के प्रदर्शन की प्रशंसा करते हुए जीत-हार को खेल के ही दो पहलू बताकर, निरंतर प्रयासरत बने रहने की बात कही. प्राचार्य टी. कुमार ने भी खेल और खेल भावना की चर्चा करते हुए खेल को एक-दूसरे का पूरक बताया.